

## एक नजर में

### सुवासरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दूध टैंकर से 94 किलो डोडाचूरा जब्त

**मंदसौर।** सुवासरा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दूध टैंकर वाहन में छिपाकर ले जाए जा रहे 94 किलो 300 ग्राम डोडाचूरा जब्त किया है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक आरोपी फरार बताया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ हेमलता कुरील एवं एसडीओपी सीतामऊ दिनेश प्रजापति के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र सिंह बघेल के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक पिकअप दूध टैंकर क्रमांक एमपी14 जीसी 2706 में डोडाचूरा छिपाकर ले जाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने सुवासरा नई आबादी धानखेड़ा कच्चे रास्ते पर घेराबंदी कर वाहन को पकड़ा। तलाशी लेने पर वाहन में रखे 9 प्लास्टिक कट्टों में 94 किलो 300 ग्राम डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी भारतसिंह पिता नारायण सिंह सौंधिया निवासी डुंगरखेड़ी थाना शामगढ़ को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी संदीपसिंह निवासी डुंगरखेड़ी का नाम भी बताया, जो फिलहाल फरार है। जब्त डोडाचूरा की कीमत करीब 1 लाख 88 हजार रुपये तथा पीकअप दूध टैंकर की कीमत लगभग 12 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### कॉम्बिग गश्त के दौरान पुलिस ने 65 किलो डोडाचूरा सहित आरोपी को पकड़ा

**मंदसौर।** अफजलपुर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 65 किलो 700 ग्राम डोडाचूरा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक बोलेरो वाहन भी जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेरसिंह बघेल तथा एसडीओपी ग्रामीण श्रीमती कीर्ति बघेल के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक हरीश मालवीय के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस को काम्बिंग गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी 44 सीए 5999 में अवैध डोडाचूरा ले जाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने नाकाबंदी कर वाहन को रोका। पूछताछ में चालक ने अपना नाम विशाल पिता मांगीलाल निवासी निपानिया थाना अफजलपुर बताया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें रखे चार कट्टों में 65.700 किलो डोडाचूरा मिला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। जब्त डोडाचूरा की कीमत करीब 1.24 लाख रुपये तथा बोलेरो वाहन की कीमत लगभग 7 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस आरोपी से मादक पदार्थ के सप्लायर एवं अन्य तस्करों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

### जिला उपभोक्ता न्यायालय का महत्वपूर्ण आदेश- छात्रा के पक्ष में किया अवार्ड पारित

**मंदसौर।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग मंदसौर द्वारा दिनांक 8 मई 2026 को आर.बी.एस. इंस्ट्रीट्यूट ऑफ नर्सिंग शिक्षण संस्था नीमच म.प्र. के विरूद्ध एक महत्वपूर्ण आदेश पारित किया गया, जिसमें शिक्षण संस्था तथा छात्रा के मध्य उपभोक्ता तथा सेवा प्रदाता के संबंध स्थापित होना मान्य किया गया। प्रकरण की जानकारी देते हुए परिवादिया के अधिवक्ता श्री श्याम बामनिया ने बताया कि शिक्षण संस्था की त्रुटि के कारण छात्रा यशोदा निनामा बी.एस.सी. नर्सिंग की परीक्षा नहीं दे पाई थी। इस कारण छात्रा की ओर से प्रस्तुत दस्तावेजी साक्ष्य एवं तर्कों से आयोग मंदसौर सहमत होकर शिक्षण संस्था की सेवा में कमी मान्य की गई तथा शिक्षण संस्था के विरूद्ध छात्रा को परीक्षा दिलवाने व शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना के मद में 10 हजार रूपयें, परिवाद व्यय के मद में 5 हजार रुपये, छात्रा की 2 वर्ष की नुकसान के मद में 1 लाख रुपये अवार्ड शिक्षण संस्था आर.बी.एस. इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग नीमच के विरूद्ध पारित किया गया हैं। प्रकरण में सफल पैरवी अधिवक्ता श्री श्याम बामनिया द्वारा की गई।

## आजीविका मिशन से जुड़कर चेतना चौधरी बनीं आत्मनिर्भर

- जनरल स्टोर और बैंक सखी के रूप में बना रही अपनी अलग पहचान, हर माह 8 से 10 हजार रुपये की आय




**मंदसौर। ग्राम दीपाखेड़ा निवासी चेतना चौधरी ने गायत्री स्व सहायता समूह से जुड़कर अपने जीवन को नई दिशा दी है। मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ने के बाद उन्होंने न केवल आत्मनिर्भरता की राह पकड़ी, बल्कि अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत बनाया। चेतना चौधरी बचपन से ही कुछ अलग और बेहतर करने का सपना देखती थीं।**

पढ़ाई के प्रति उनका विशेष लगाव था और वे अपने पैरों पर खड़े होकर अपनी अलग पहचान बनाना चाहती थीं। शादी के बाद संयुक्त परिवार की जिम्मेदारियों, घर के कार्यों और सामाजिक दायित्वों के बीच अपने सपनों को आगे बढ़ाना आसान नहीं था। कई बार परिस्थितियां कठिन हुईं, लेकिन उनके पति का सहयोग और विश्वास हमेशा उनकी सबसे बड़ी ताकत बना रहा। इसी दौरान उन्हें मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की जानकारी मिली।

उन्होंने गायत्री स्व सहायता समूह से जुड़कर अपने जीवन में बदलाव की शुरुआत की। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें आजीविका मिशन के माध्यम से 30 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई। इस सहायता से उन्होंने अपने घर पर ही जनरल स्टोर प्रारंभ किया। शुरुआत में चुनौतियां कम नहीं थीं। बच्चों की जिम्मेदारी, परिवार के कार्यक्रम और समाज की बातें कई बार उनके रास्ते में आईं, लेकिन चेतना चौधरी ने कभी हार नहीं मानी। मेहनत और लगन के साथ उन्होंने अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाया और आज वे अपने जनरल स्टोर से प्रतिमाह 8 से 10 हजार रुपये तक की आय अर्जित कर रही हैं। इससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई और परिवार की आर्थिक स्थिति में भी सकारात्मक परिवर्तन आया। आजीविका मिशन से जुड़ने के बाद उन्होंने बैंक सखी के रूप में भी कार्य करना शुरू किया। लोगों की बैंकिंग संबंधी सेवाओं में मदद करते हुए उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई। उनकी मेहनत और समर्पण को देखते हुए जनपद पंचायत द्वारा उन्हें विशेष प्रशिक्षण दिलवाया गया तथा स्क्क्क (मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक) की कियोस्क आईडी भी उपलब्ध करवाई गई। कियोस्क आईडी मिलने के बाद चेतना चौधरी ने अपने कार्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा और कार्यक्षमता का परिचय दिया। मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के दम पर उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करते हुए न केवल स्वयं को स्थापित किया, बल्कि पूरे सीतामऊ क्षेत्र का नाम भी गौरवान्वित किया। चेतना चौधरी की सफलता की कहानी यह संदेश देती है कि यदि मन में दृढ़ संकल्प, मेहनत और आत्मविश्वास हो, तो कोई भी कठिनाई सफलता की राह नहीं रोक सकती।

## एक्सीडेंट क्लेम, बिजली समेत 656 केस समझौते से किए निराकृत

**मंदसौर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा प्रसारित निर्देशानुसार व माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर अनीष कुमार मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय मंदसौर एवं तहसील न्यायालय गरोठ, भानपुरा, नारायणगढ़, सीतामऊ में किया गया। जिला न्यायालय परिसर स्थित एडीआर सेंटर भवन के सभागृह में प्रधान जिला न्यायाधीश अनीष कुमार मिश्रा द्वारा शुभारंभ किया गया।

शुभारंभ कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर अनीष कुमार मिश्रा, जिला अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष अजय भावसार ने सम्बोधित कर अपने विचार व्यक्त किये। शुभारंभ कार्यक्रम में आभार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर के सचिव सुधीर सिंह निगवाल द्वारा तथा संचालन जिला विधिक सहायता अधिकारी अपर्णा लोधी द्वारा व्यक्त किया गया।

उक्त कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, मंदसौर श्रीमती प्रिया शर्मा, विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटीज) मनोज कुमार तिवारी, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सिद्धार्थ तिवारी, आसिफ अब्दुल्लाह, शिल्पा तिवारी, मंजू सिंह, आलोक प्रतापसिंह, मुनेन्द्रसिंह वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अतुल बिल्लोरे, न्यायाधीशगण रोहिणी तिवारी, राजकुमार त्रिपाठी, हर्ष ठाकुर, श्रीमती रूचि पटेरिया अरोरा, चिराग अरोरा, तन्वी माहेश्वरी ठाकुर, श्वेता सिंह, उत्कर्षराज सोनी, उर्वशी यादव, भामीनी राठी, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी और अन्य लोग मौजूद रहे। समझौतों के लिए 27 न्यायिक खण्डपीठों का गठन किया गया। इनमें मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति, चेक बाउंस समेत अन्य 656 प्रकरणों का निराकरण किया गया।




## लघु उद्योग भारती के 33वें स्थापना दिवस पर दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

**मंदसौर।** लघु उद्योग भारती मंदसौर इकाई द्वारा 33वें स्थापना दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के उद्योगपतियों, उद्यमियों एवं व्यवसायियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश अध्यक्ष राजेश मिश्रा ने 'शुभ लाभ' की भारतीय संस्कृति पर आधारित उद्यमिता को अपनाने का आह्वान करते हुए उद्योग एवं पर्यावरण के बीच संतुलन बनाए रखने पर बल दिया।

विशेष अतिथि राजेंद्र दुबे ने एमएसएमई क्षेत्र के लिए आरबीआई द्वारा दी गई वित्तीय रियायतों एवं योजनाओं की जानकारी दी। वहीं मंदसौर इकाई अध्यक्ष सौरभ तोमर ने एमएसईएफसी, जीईएम पोर्टल तथा एआई के माध्यम से छोटे उद्योगों में पैकेजिंग, मार्केटिंग एवं व्यावसायिक कार्यों को सरल बनाने की जानकारी दी। कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती की प्रथम महिला सदस्य बबीता भट्ट का सम्मान भी किया गया। संचालन सचिव हर्षित सोनगरा ने एवं आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष कन्हैया कुमावत ने किया।

**एक नजर** | तीन वर्ष से अलग रह रहे पति-पत्नी फिर हुए एक

## 20 वर्ष पहले के विवाद को नेशनल लोक अदालत ने सुलझाया

**मंदसौर। ममता (परिवर्तित नाम) का विवाह महेश (परिवर्तित नाम) से वर्ष 2003 में हुआ था। विवाह से उन्हें एक पुत्र और एक पुत्री प्राप्त हुए। वर्तमान में पुत्र की आयु लगभग 22 वर्ष तथा पुत्री की आयु लगभग 17 वर्ष है।**




लगभग 20 वर्ष तक वैवाहिक जीवन सुखपूर्वक व्यतीत करने के पश्चात पारिवारिक विवाद उत्पन्न होने के कारण करीब 03 वर्ष पूर्व दोनों अलग-अलग रहने लगे। विवाद ब?ने पर ममता द्वारा महेश के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 144 के अंतर्गत भरण-पोषण संबंधी प्रकरण प्रस्तुत किया गया। इससे पति-पत्नी के मध्य विवाद और अधिक गहरा गया। प्रकरण कुटुम्ब न्यायालय में विचाराधीन था, जहाँ माननीय प्रधान न्यायाधीश प्रिया शर्मा द्वारा दोनों पक्षों को समझाइश देकर आपसी समझौते के प्रयास किए गए तथा प्रकरण को नेशनल लोक अदालत हेतु संदर्भित किया गया। नेशनल लोक अदालत में प्रकरण प्रस्तुत होने पर समझौते के प्रयास सफल रहे। लोक अदालत द्वारा दी गई समझाइश एवं सकारात्मक संवाद के परिणाम स्वरूप ममता और महेश ने आपसी मतभेद भुलाकर पुन: साथ रहने की सहमति व्यक्त की। इस प्रकार नेशनल लोक अदालत ने एक बिखरते परिवार को पुन: एक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# नीमच

## एक नजर में

### प्रभारी मंत्री भूरिया का आज नीमच दौरा



**नीमच।** प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा नीमच जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया आज 10 मई 2026 रविवार को मंदसौर से दोपहर 12.30 बजे प्रस्थान कर दोपहर 1.30 बजे नीमच आएगी। प्रभारी मंत्री नीमच में दोपहर 2.30 बजे कोर कमेटी की बैठक में शामिल होने के बाद शाम 4 बजे नीमच से झाबुआ के लिए प्रस्थान करेगी।

### पंछियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था के लिए मिट्टी के सकोरे बांटे



**नीमच।** अन्तर्राष्ट्रीय शांतिदूत ब्रह्माकुमारी संस्थान के 'पावन धाम' परिसर के सद्भावना सभागार में इस भयंकर गर्मी में पंछियों की प्यास बुझाने एवं उनकी आहार व्यवस्था के लिए मिट्टी के सकोरे नि:शुल्क वितरित किये गए। ये सकोरे ब्रह्माकुमारीज संस्थान से संबंधित समाज सेवा प्रभाग के सक्रिय सदस्य एवं राजयोग के नियमित अभ्यासी भ्राता जगदीशचन्द्र शर्मा के सौजन्य से वितरित किये गए। साठ से अधिक बीके भाई बहनों ने पंछियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करने का संकल्प लिया एवं सकोरे प्राप्त किये। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान की सबझोन संचालिका राजयोगिनी बीके सविता दीदी जी, बीके श्रुति दीदी एवं सबझोन डायरेक्टर राजयोगी बीके सुरेन्द्र भाई ने मंच पर सभी को सकोरे वितरित किये।

### रवींद्रनाथ टैगोर जयंती पर कृति संस्था ने कविकुल गुरु को किया नमन

**नीमच।** राष्ट्रगान के रचयिता एवं विश्वविख्यात साहित्यकार रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती पर कृति संस्था द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके साहित्य, शिक्षा एवं संस्कृति के क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद किया। कृति संस्था के अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी ने कहा कि रवीन्द्रनाथ टैगोर भारत की महान विभूति थे। वे शिक्षा में प्रकृति एवं खेलकूद के समावेश के समर्थक थे। इसी उद्देश्य से उन्होंने शांति निकेतन की स्थापना की, जो आज विश्वभारती विश्वविद्यालय के नाम से प्रसिद्ध है। पारस जैन ने कोलकाता प्रवास के दिनों को याद करते हुए कहा कि रवीन्द्रनाथ टैगोर बंगाल की साहित्य और संस्कृति में गहराई से रचे-बसे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत में संस्था पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने टैगोर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर रघुनंदन पाराशर, श्याम टांकवाल, किशोर जेवरिया, बाबूलाल गौड़, जीवन कौशिक, गणेश खंडेलवाल, माधुरी चौरसिया, डॉ. पृथ्वीसिंह वर्मा, सत्येंद्रसिंह राठौर, सत्येंद्र सक्सेना, कैलाश बाहेती, पारस जैन एवं राधेश्याम शर्मा उपस्थित रहे।



## गुरु सानिध्य प्रशिक्षण शिविर में आयुर्वेद, योग और स्वस्थ जीवनशैली का दिया संदेश

**नीमच।** आरोग्य भारती जिला नीमच द्वारा ग्राम निपानिया अम्बामाता स्थित आरोग्य धाम में परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर संत श्री सुरेशानंद सरस्वती जी के निर्देशन में आयुर्वेद एवं आध्यात्मिक ज्ञान आधारित तीन दिवसीय गुरु सानिध्य प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में डॉ. विष्णु सेन कछावा ने आरोग्य भारती की स्थापना से लेकर वर्तमान तक संचालित विभिन्न आयामों पर प्रकाश डालते हुए सभी को स्वस्थ रहने का संदेश दिया।




उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर देते हुए प्रात:काल जागरण से लेकर रात्रि विश्राम तक दिनचर्या में योग, व्यायाम, संतुलित आहार, ध्यान एवं अनुशासन को शामिल करने की बात कही। सुपोषण आहार में सूर्य के सात रंगों से मिलती-जुलती खाद्य सामग्री को भोजन में शामिल करने का महत्व बताया तथा प्राकृतिक चिकित्सा एवं सूर्य चिकित्सा के लाभ समझाए। डॉ. कछावा ने परिवार को स्वस्थ रखने में महिलाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए रसोईघर में उपयोग होने वाले मसालों जैसे हल्दी, कालीमिर्च, दालचीनी एवं तेजपत्ता के औषधीय गुणों की जानकारी दी। साथ ही सीलबंद मसालों की बजाय खड़े मसालों के उपयोग की अपील की। विद्यालय स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के बीच स्वास्थ्य प्रबोधन को निरंतर चलने वाला अभियान बताया। वनौषधि आयाम के तहत प्रत्येक घर में औषधीय पौधे लगाने तथा आसपास उपलब्ध वनौषधियों की पहचान एवं उपयोग पर बल दिया गया। किशोर अवस्था विकास कार्यक्रम के माध्यम से किशोर-किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने की बात कही गई। धन्वंतरि जयंती एवं विश्व योग दिवस को आरोग्य के दृष्टिकोण से मनाने का महत्व भी समझाया गया। उन्होंने भारत में बढ़ती मधुमेह की समस्या के समाधान हेतु योग, प्राणायाम, सुपोषण एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। व्यसन मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं तनावमुक्त जीवन पर भी प्रेरक विचार व्यक्त किए। साथ ही प्रथम उपचार प्रशिक्षण प्रत्येक नागरिक को दिए जाने की आवश्यकता बताई। गर्भ संस्कार कार्यक्रम पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि नवदंपति एवं गर्भवती माताओं को इस कार्यक्रम से जोड़ना आवश्यक है, ताकि स्वस्थ एवं संस्कारित संतति के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान मिल सके।

### ग्राम उचेड में लगा नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर

**नीमच।** शासकीय आयुर्वेद औषधालय पिपल्या जागीर (आयुष) द्वारा ग्राम उचेड़ के आंगनवाड़ी केंद्र में नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में दी गई सेवाएं: शिविर में आमवात, संधिवात, त्वचा रोग, उदर रोग, विबंध, श्वास, कास, प्रतिश्याय, रक्त अल्पता, उच्च रक्तचाप, अर्श, अम्लपित्त, प्रमेह आदि रोगों की जांच कर रोगियों को नि:शुल्क आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण किया गया। साथ ही बीपी की नि:शुल्क जांच भी की गई। जागरूकता एवं परामर्श:इसके अतिरिक्त मौसमी बीमारियों से बचाव, तनाव मुक्ति, नशामुक्ति एवं स्वस्थ दिनचर्या अपनाने के बारे में आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। पंचायत सचिव, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.आबिद खान, कम्पाउन्डर श्री गोपाल कृष्ण गंधर्व, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा, सहायिका एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## नीमच में पारा 39 डिग्री, लू का अलर्ट, 6 दिन में 3 डिग्री बढ़ा तापमान, सड़कों पर पसरा सन्नाटा



**नीमच। जिले में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया है। पिछले छह दिनों में पारा 3 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 39 डिग्री पर पहुंच गया है। शनिवार को जिले में तेज गर्मी और लू का असर देखा गया, जिससे दोपहर में सड़कें सूनी रहीं।**

मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले 48 घंटों में तापमान में 2 डिग्री की और वृद्धि हो सकती है, जिससे पारा 41 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होने के बाद अब मैदानी इलाकों से आ रही गर्म हवाएं शहर को तपा रही हैं। दोपहर 12 बजे के बाद धूप इतनी तेज हो जाती है कि लोग घरों से निकलने से बच रहे हैं। आवश्यक काम से बाहर निकलने वाले लोग पूरी सावधानी बरत रहे हैं। दोपहिया वाहन चालक लू से बचाव के लिए चेहरे पर गमछा, रुमाल और चश्मे का उपयोग कर रहे हैं। गर्मी बढ़ने के साथ ही खान-पान की आदतों में भी बदलाव आया है। शहर के प्रमुख चौराहों और जूस सेंटरों पर भीड़ बढ़ गई है। गन्ने का रस, छाछ, लस्सी और कोल्ड ड्रिंक्स की मांग में 40% तक की वृद्धि दर्ज की गई है। तरबूज और खरबूजे के ठेलों पर भी लोग गर्मी से राहत पाने पहुंच रहे हैं।

**एक नजर** | नीमच के राजेंद्र प्रसाद स्टेडियम में प्रतिदिन 2 घंटे अभ्यास करेंगे बालक

## फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर में 21 तक रोज खिलाड़ी करेंगे प्रैक्टिस

**नीमच।** जिला खेल कल्याण विभाग द्वारा स्थानीय राजेंद्र प्रसाद स्टेडियम में 10 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बालकों का 9 से 21 मई तक आयोजित होने वाले 12 दिवसीय फुटबाल खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ समारोह शनिवार सुबह 8 बजे आयोजित किया गया।

इस शिविर में कांग्रेस सेवादल जिला इकाई द्वारा बच्चों को फुटबॉल खेल प्रोत्साहन के लिए चने केले जूस आदि पोस्टिक आहार नि:शुल्क प्रदान किया जाएगा। जिला कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल चौरसिया ने कहा कि बच्चे यदि फुटबॉल का खेल सिख कर खिलाड़ी बनते हैं तो उनका शरीर स्वस्थ रहेगा और खेलों के प्रमाण पत्र के आधार पर रेलवे बैंक पुलिस अर्ध सैनिक बल सहित विभिन्न विभागों में शासन की रोजगार सेवा नौकरी भी मिलती है। महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीमती आशा सांभर ने कहा कि बच्चे फुटबॉल खेल कर नशा से मुक्त हो कर नशे से दूर रहे तो उनके जीवन में उन्नति हो सकती है। सोशल मीडिया के मोबाइल युग में बच्चे मोबाइल छोड़कर 2 घंटे खेलों को समय देंगे यह इन बच्चों का अभिनव प्रयास सम्मान योग्य कदम है। बच्चों की आंखों की रोशनी भी अच्छी रहेगी और शरीर भी स्वस्थ रहेगा।पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बृजेश सक्सेना ने कहा कि वर्षों पहले नीमच फुटबॉल का केंद्र था यहां से कई प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर पर गई और नीमच का नाम और गौरव बढ़ाया था। कालू कप्तान सैनी इसका एक उदाहरण रहे हैं उनके पुत्र भी इसी क्षेत्र में खेल रहे हैं उनका भी मार्गदर्शन हमें मिलेगा। कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष गजेंद्र यादव ने कहा कि बच्चों में छिपी खेल प्रतिभा को प्रोत्साहन के लिए जिला कांग्रेस सेवा दल द्वारा इस प्रशिक्षण शिविर में सहयोग किया जा रहा है। ताकि बच्चे भविष्य में फुटबॉल के क्षेत्र में परिवार का गौरव बढ़ा सके और रोजगार के क्षेत्र में स्वयं आत्मनिर्भर बन सके। बच्चों को रासायनिक केमिकल युक्त कोल्ड ड्रिंक से बचना चाहिए तभी उनका जीवन स्वस्थ और शक्तिशाली रह सकता है और फुटबॉल खेलने के लिए शक्तिशाली स्वस्थ शरीर आवश्यक होता है। इस अवसर पर फुटबॉल कोच खिलाड़ी राजू सैनी, मयंक सैनी, मटरु भाई, सलीम भाई एवं सत्तार भाई का सम्मान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट विजय शंकर शर्मा, जिला अध्यक्ष सेवादल गजेंद्र यादव अनिल चौरसिया, श्री शिवहरे, आशा सांभर, मोहन सिंह, बेबी मेहरा, लतिम पठान, मुकेश कालरा, बृजेश सक्सेना, विमल शर्मा, मदन सिंह धानका, इकबाल कुरैशी, सलीम कुरैशी, एवं समस्त सेवा दल कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित थे।

